तापमान अधिकतम 37 .4 डिग्री
न्यूनतम 14 .4 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार 14 अप्रैल 2026


**पीजीआई ने फिर रचा इतिहास**

*शाम तक अंग दूसरे मरीजों को लगाए, 12 घंटे में ही 'जिंदा' हो गए कुलदीप*

### सुबह 6 बजे से 10 बजे तक बना कॉरिडोर



ट्रामा सेंटर से सुबह साढ़े सात बजे पहली एम्बुलेंस लिवर लेकर निकली जो 120 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड पर 50 मिनट में दिल्ली पहुंची। दूसरी, एम्बुलेंस दस मिनट बाद एम्स के लिए रवाना हुई। तीसरी एम्बुलेंस 15 मिनट बाद आई डिपार्टमेंट और किडनी विभाग के लिए रवाना हुई। एक किडनी और पैंक्रियाज एम्स दिल्ली भेजा गया। लिवर को आईएलबीएस दिल्ली पहुंचाया। एक किडनी और कार्निया को पीजीआईएमएस रोहतक में रखा।

# पुनर्जीवन
# 5 दिन में दूसरी बार बना ग्रीन कॉरिडोर 17 साल बाद पैंक्रियाज का ट्रांसप्लांट

मनोज वर्मा ▶▶| रोहतक

पीजीआईएमएस रोहतक ने एक बार फिर ऑर्गन ट्रांसप्लांट में इतिहास रच दिया। महज 5 दिन में ही दोबारा ग्रीन कॉरिडोर बना और साढ़े चार घंटे चले ऑपरेशन के बाद जेल वार्डन सिपाही कुलदीप के 4 अंग दिल्ली एम्स भेजे गए और शाम तक ट्रांसप्लांट भी करवा दिए गए। इस तरह कुलदीप 12 घंटे में ही जिंदा हो गए। उनके लीवर, दोनों किडनी, पैंक्रियाज और कोर्निया (आंखें) ट्रांसप्लांट किए गए है। खास बात यह रही कि 17 साल बाद एम्स दिल्ली में पैंक्रियाज का सफल ट्रांसप्लांट हुआ। इससे पहले 2008 में पैंक्रियाज ट्रांसप्लांट किए गए थे। कुलदीप की किडनी और पैंक्रियाज एक ही आदमी के शरीर में ट्रांसप्लांट की गई हैं, यह भी अपने आप में एक रिकॉर्ड है, जब किसी व्यक्ति की किडनी और पैंक्रियाज दूसरे के शरीर से मैच हुई हैं।



### 200 जवान रहे तैनात

सुबह साढ़े चार बजे से साढ़े आठ बजे तक कुलदीप के अंगों के ट्रांसप्लांट के लिए डॉक्टर्स की टीम ने ऑपरेशन किया। ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया, जिसमें रूट पर 200 से अधिक जवान तैनात किए गए, ताकि अंगों को समय पर विभिन्न अस्पतालों तक पहुंचाया जा सके।

### पांच लोगों को लगाए गए अंग

लीवर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ लीवर एंड बाइलेरी साइंस, नई दिल्ली में एक मरीज के शरीर में ट्रांसप्लांट किया। एक किडनी और पैंक्रियाज एम्स, दिल्ली में एक ही मरीज के शरीर में लगाए गए हैं। एक किडनी पीजीआईएमएस रोहतक में ही एक मरीज के शरीर में ट्रांसप्लांट कर दी गई हैं। आंखें भी एक मरीज को लगाई जाएंगी।

*सोनीपत के गांव ताजपुर तिहाड़ खुर्द निवासी 51 वर्षीय कुलदीप एक साल से ब्रेन ट्यूमर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे।*



अलविदा कुलदीप आपको सैल्यूट

**ब्रेन डेड जेल वार्डन कुलदीप के लीवर, किडनी, पैंक्रियाज व कोर्निया (आंखें) ट्रांसप्लांट**

**चार अंग दिल्ली भेजे गए जबकि एक किडनी और आंख पीजीआई में ही रहीं**

**दिल और फेफड़े नहीं लिए जा सके, चूंकि लंबी बीमारी के कारण डैमेज हो गए थे**





परिजनों को ढांढस बढ़ाते डॉक्टर

### सच्चा सिपाही था कुलदीप



एक सच्चा सिपाही जीते जी तो देश की सेवा करता ही है, वहीं मरने के बाद भी वह देश के काम आता है। हरियाणा पुलिस के जवान के परिजनों ने अपने लाल का ब्रेन डेड घोषित होने के बाद अंगदान का फैसला लिया। उस सिपाही की सांसे तो चली गईं लेकिन, लेकिन जाते-जाते वह 5 परिवारों के चिराग रोशन कर हमेशा के लिए अमर हो गया। **-डॉ. एचके अग्रवाल,** कुलपति, हेल्थ विवि रोहतक

## यूं बिगड़ती गई हालत

**6 अप्रैल :** जेल विभाग के वार्डन सिपाही कुलदीप का एक साल पहले ब्रेन ट्यूमर का ऑपरेशन हुआ था। अब परेशानी आने पर उन्हें न्यूरोसर्जरी विभाग में भर्ती करवाया गया।
**7 अप्रैल :** कुलदीप की हालत और बिगड़ती गई। छोटा ऑपरेशन करना पड़ा, लेकिन दिमाग का प्रेशर लेवल कम नहीं हुआ।
**8 अप्रैल :** हालत बिगड़ती देख उन्हें न्यूरो सर्जरी विभाग से ट्रॉमा आईसीयू में शिफ्ट किया गया। यहां उनका ग्लासगो कोमा स्केल (जीसीएस) कुल 6 स्केल था। किसी भी व्यक्ति का जीसीएस 15 हो तो ही उसे होश में माना जाता है। लेकिन कुलदीप का जीसीएस 2 पर लुढ़क गया।
**9 अप्रैल :** कुलदीप को 24 घंटे मॉनिटरिंग में रखा गया, जैसे- जैसे घंटे बीते उनकी हालत और बिगड़ती गई।
**10 अप्रैल :** ट्रॉमा आईसीयू में हार्ट अटैक आया। एमआरआई करवाई तो दिमाग में बड़ा हेमरेज मिला, ब्रेन स्ट्रोक भी हुआ। ब्लड प्रेशर ऊपर-नीचे होने लगा।
**11 अप्रैल :** ब्रेन डेथ कंफर्म हो गया। ट्रॉमा आईसीयू प्रोफेसर डॉ. तरुण यादव ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल को सूचना दी। एक कमेटी बनाई गई। कमेटी में डॉ. तरुण यादव, न्यूरो सर्जरी से डॉ. वरुण और डॉ. अमरनाथ को शामिल किया। पहला एपिनिया टेस्ट किया गया जो पॉजिटिव मिला।
**12 अप्रैल :** दूसरा एपिनिया टेस्ट किया गया, वो भी पॉजिटिव मिला। इसके बाद कुलदीप को ब्रेन डेथ घोषित कर दिया। समझाने के बाद परिजनों ने अंगदान करवाने के लिए हां कर दी। इसके बाद सोटो की टीम ने जिसमें नोडल अधिकारी डॉ. सुखबीर बराड़, कोर्डिनेटर दिप्ती और राजेश कुमार प्रकिया में जुट गए।
**13 अप्रैल :** अंग जल्दी काम करना छोड़ रहे थे तो, डॉक्टर्स की टीम ने सुबह 4 बजे से उनका ऑपरेशन करना शुरू कर दिया था।

### टीम में ये डॉक्टर्स रहे शामिल

ऑप्रेशन करने वाली टीम में निश्चेतन विभाग के डॉ. तरुण के नेतृत्व में डॉ. अमरनाथ, डॉ. वरुण अग्रवाल, आई डिपार्टमेंट, किडनी, लिवर, सर्जन, रेडियोलॉजी, माइक्रोबॉयोलॉजी, बायो कैमेस्ट्री, सोटो, न्यूरो सर्जरी, कार्डियो विभाग के करीब 42 डॉक्टर्स टीम में शामिल रहे। इसके अलावा एम्स दिल्ली और आईएलबीएस दिल्ली के डॉक्टर्स की टीमें भी अभियान में शामिल रही।



**यह भी जानें :** किसी भी व्यक्ति को ब्रेन डेथ डिक्लेयर करने से पहले एपनिया टेस्ट होता है। इसमें कुल 24-25 तरह के टेस्ट होते हैं। टेस्ट यह जांचने के लिए किया जाता है कि मरीज का दिमाग सांस लेने का सिग्नल दे रहा है या नहीं। दो बार एपनिया टेस्ट होने के बाद ही ब्रेन डेड घोषित किया जाता है। किसी व्यक्ति का ग्लासगो कोमा स्केल (जीसीएस) यानी व्यक्ति कितना होश में है और कितना बेहोश 15 होता है, लेकिन जब यह स्केल 3 या इससे नीचे चला जाता है तो, डॉक्टर समझ जाते हैं कि व्यक्ति ब्रेन डेथ की अवस्था में है।

### ये है पैंक्रियाज

पैंक्रियाज हमारे पेट में आमाशय के पीछे स्थित अहम अंग है। यह शरीर में पाचन और ब्लड शुगर कंट्रोल करने का काम करती है। पैंक्रियाज ट्रांसप्लांट संभव है, लेकिन आसान नहीं। कारण ये है कि पैंक्रियाज शरीर के अंदर गहराई में होता है और इसकी ब्लड सप्लाई बहुत जटिल होती है। सही मैच वाला डोनर मिलना मुश्किल होता है। इसे 8-12 घंटे में ट्रांसप्लांट करना जरूरी होता है।

### बहुत जटिल थे हालात



जब कुलदीप सिंह को ट्रॉमा आईसीयू में लगाया गया तो उनकी बेहोशी का स्केल कुल 6 था जो सामान्य 15 होना चाहिए। एक दिन के बाद ही यह स्केल 2 पर लुढ़क गया। बहुत जटिल हालात थे, लेकिन ट्रॉमा आईसीयू की टीम जिसमें 12 डॉक्टर और 22 नर्सिंग स्टाफ ने उसे बचाने के अथक प्रयास किए। लगातार 168 घंटे यानी 7 दिनों तक निगरानी में रखा। इसके बावजूद उसे हार्ट अटैक आया, ब्रेन स्ट्रोक हुआ, जिसके बाद ब्रेन डेथ हो गए। **-डॉ. तरुण यादव,** प्रोफेसर, ट्रॉमा, आईसीयू, पीजीआईएमएस, रोहतक।

संबंधित पैकेज पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

**रोहतक।** जिले में अलग-अलग जगह हुए सड़क हादसों में महिला सहित दो की मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पहले मामले में लाढ़ौत निवासी औमबीर राजीव गांधी खेल परिसर के पास बाइक से गांव जा रहा था। जिसे अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई। हादसे में घायल होने पर उसकी मौत हो गई। वहीं, दूसरे मामले में एक महिला बेटे के साथ बाइक पर रोहतक आ रही थी। ब्राह्मणवास के पास किसी वाहन ने उनको टक्कर मार दी जिससे महिला की मौत हो गई।

### शास्त्री नगर में युवक ने फंदा लगाकर जान दी

**रोहतक।** शास्त्री नगर में एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। 19 साल का विष्णु यहां किराये पर रहता था। वह यूपी के बुलंदशहर का रहने वाला था। किसी परेशानी की वजह से उसने यह कदम उठाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**जिला प्रशासन को एमडीयू की दो टूक**

# कोर्ट कॉम्पलेक्स बनाने के लिए 1 इंच जमीन भी नहीं देंगे

*कर्मियों ने विस्तार योजनाओं का हवाला देकर जिला प्रशासन का प्रस्ताव ठुकराया*

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय एक बार फिर उबाल पर है। विश्वविद्यालय की जमीन पर 25 एकड़ में प्रस्तावित कोर्ट कॉम्पलेक्स के खिलाफ कर्मचारियों और छात्रों ने खुला मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को नॉन-टीचिंग यूनियन की बैठक में साफ शब्दों में कहा गया कि यूनिवर्सिटी की एक इंच जमीन भी नहीं देंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रधान सुरेश कौशिक ने की, जबकि पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत समेत कई पूर्व पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में उपप्रधान प्रेम सजवान, महासचिव डॉ विजय पाल, सह सचिव राजकुमार, कोषाध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा,पूर्व प्रधान जयबाग,पूर्व प्रधान कुलवंत मलिक,विकास गिल, अजय, मनीष, सतीश सैनी, रविंदर, सुरेंद्र, विक्रम, निरंजन, धर्मेंद्र, चांद सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। प्रस्तावित योजना को विवि के हितों के खिलाफ बताया। बोहत ने कहा कि यह सिर्फ जमीन का मामला नहीं, बल्कि संस्थान की पहचान, शैक्षणिक विस्तार और भविष्य से जुड़ा सवाल है। जिस जमीन को प्रशासन कोर्ट कॉम्पलेक्स के लिए देख रहा है, वहीं विश्वविद्यालय अपने विस्तारित भवन और नई शैक्षणिक सुविधाएं विकसित करने की योजना बना चुका है।

### आंदोलन तेज करने की चेतावनी

एमडीयू की जमीन पर कोर्ट कॉम्पलेक्स निर्माण के प्रस्ताव को लेकर छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन ने कड़ा विरोध जताया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय की जमीन किसी भी हालत में जिला प्रशासन को नहीं दी जाएगी, क्योंकि यह भविष्य में छात्रों के लिए जरूरी है। यूनियन नेताओं ने भी प्रशासन को वैकल्पिक जमीन तलाशने की सलाह दी। यदि प्रस्ताव वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### मिट्टी के सैंपल लेते ही बढ़ा विवाद

विश्वविद्यालय में जमीन को लेकर विवाद उस समय और गर्मा गया, जब गत शुक्रवार लोक निर्माण विभाग की टीम ने प्रस्तावित स्थल से मिट्टी के सैंपल लिए। इन जांचों का उद्देश्य यह पता लगाना है कि जमीन बड़े भवन का भार सहन कर सकती है या नहीं, लेकिन कर्मचारियों व छात्रों ने इसे निर्माण की तैयारी मानते हुए विरोध तेज कर दिया।

### आज सौंपेंगे ज्ञापन,10 दिन का अल्टीमेटम

एमडीयू में कोर्ट कॉम्पलेक्स विवाद के बीच कर्मचारी संघ मंगलवार को प्रशासन को ज्ञापन सौंपेगा। महासचिव विजयपाल धनखड़ ने बताया कि बिना अनुमति तोड़ी गई दीवार का दोबारा निर्माण शुरू कराया गया है। संघ ने 10 दिन में ठोस कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## कुलपति ने संभाला पदभार, शोध व विकसित भारत विजन पर जोर

*डिजिटल नवाचार उद्योग-शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने पर फोकस*

# सामूहिक प्रयासों के साथ एमडीयू को नई उड़ान देंगे: प्रो. मिलाप पुनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) को शैक्षणिक उत्कृष्टता और वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने के संकल्प के साथ प्रख्यात शिक्षाविद प्रो. मिलाप पुनिया ने सोमवार को कुलपति का कार्यभार संभाल लिया। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) नई दिल्ली के स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ रीजनल डेवलपमेंट के प्रोफेसर एवं पूर्व चेयरपर्सन रह चुके प्रो. पुनिया क्षेत्रीय विकास, रिमोट सेंसिंग और भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) के विशेषज्ञ माने जाते हैं। वर्ष 1998 से शिक्षण एवं शोध से जुड़े प्रो. पुनिया एक प्रतिष्ठित सामाजिक वैज्ञानिक होने के साथ-साथ वैज्ञानिक के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। कुलपति प्रो. मिलाप पुनिया ने कहा कि यह उनके लिए गर्व और जिम्मेदारी का क्षण है। स्वामी दयानंद को नमन करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप एमडीयू को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे।



प्रो. मिलाप पुनिया ने कुलपति का पदभार संभाला।

### शिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन पर विशेष जोर देने पर बल

विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध को बढ़ावा, समावेशी वातावरण, विद्यार्थियों के समग्र विकास और शिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन पर विशेष जोर देने की बात कही। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी हितधारकों से सहयोग, नवाचारपूर्ण विचार और सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि एमडीयू की विकास यात्रा को मिलकर आगे बढ़ाया जाएगा। प्रशासनिक पारदर्शिता, डिजिटल नवाचार और उद्योग-शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने पर फोकस किया जायेगा, ताकि विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख शिक्षा मिल सके और विश्वविद्यालय राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी मजबूत पहचान स्थापित कर सके।




## बहादुर जेल वार्डन के परिवार के निर्णय से 5 लोगों को मिला नया जीवन

# अंगदान कर खाकी का आखिरी फर्ज भी निभा गया सिपाही कुलदीप : डॉ. अरविंद

### परिवार को पांच लाख की आर्थिक सहायता देने का भी किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जेल वार्डन सिपाही कुलदीप सिंह की शहादत पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे जेल मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि इस सिपाही की कहानी सिर्फ एक खबर नहीं है, बल्कि यह एक आंदोलन है, एक पुकार है। यह हम सबसे एक सवाल पूछती है कि जब हम इस दुनिया से जाएंगे, तो क्या हम सिर्फ राख या मिट्टी में तब्दील होना चाहेंगे, या किसी के लिए जीवन का वरदान बनना चाहेंगे? इस वीर सिपाही के परिवार द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय से 5 लोगों को नया जीवन मिलेगा। यह सिपाही उनके हलके से आता है और उनके परिवार ने आज पूरे गोहाना का नाम रोशन किया है। मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि वे सिपाही के दोनों बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने की घोषणा करते हैं।

- **एसपी बोले हम पीजीआई के साथ 24 घंटे कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने के लिए खड़े हुए हैं**

## आज पूरे गोहाना का नाम रोशन कर गया, ऐसे जवान को नमन





### सलामी के वो 2 मिनट

जैसे ही सिपाही का पार्थिव शरीर एंबुलेंस में रखा गया, हरियाणा पुलिस के 22 जवानों ने सैल्यूट किया। उनके पीछे पीजीआई के 21 सुरक्षा गार्ड भी सावधान की मुद्रा में खड़े थे। 2 मिनट तक पूरे अस्पताल परिसर में सन्नाटा था। सिर्फ सिसकियों की आवाज थी। वहां खड़ी एक ग्रामीण महिला ने कहा कि उनके पति को किडनी की समस्या है और आज इस सिपाही को सलामी देते देखकर मैंने फैसला कर लिया कि मैं भी अंगदान करूंगी।

### भ्रांतियां टूट रही

चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुंदन मित्तल ने कहा, कि पहले अंगदान को लेकर 100 फोन आते थे तो 90 लोग डर के कारण मना कर देते थे। पिछले एक हफ्ते में ही 200 से ज्यादा ने अंगदान का संकल्प लिया है।

### दूसरों का सुहाग उजड़ने से जरूर बचाऊंगी : पत्नी

सिपाही की बहादुर पत्नी ने अपने आंसुओं को पोंछते हुए कहा कि मेरे पति ने हमेशा कहा था कि यह शरीर देश की अमानत है। अगर आज इनके जाने से किसी का सुहाग उजड़ने से बच सकता है, किसी के घर का चिराग बुझने से बच सकता है, तो हम इनके अंग दान करेंगे।

### सुबह दो बार ग्रीन कोरिडोर से दूसरे अस्पताल में पहुंचाए अंग

पुलिस अधीक्षक गौरव राज पुरोहित ने कहा कि हम इस नेक कार्य के लिए हमेशा पीजीआई के साथ 24 घंटे कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने के लिए खड़े हुए हैं। आधी रात को जैसे ही अंगदान का रूट कंफर्म हुआ पूरे शहर में सुबह 6 बजे से 7: 45 तक दो बार ग्रीन कोरिडोर बनाकर अंग 100 की स्पीड से दूसरे अस्पतालों में पहुचाए गए।

### कुलदीप ने दूसरों के लिए उम्मीद जगाई : आरती राव



स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने अपने संदेश में कहा कि इस सिपाही के परिवार ने अपने जीवन के सबसे अंधकारमय क्षण में दूसरों के लिए उम्मीद की जो किरण जगाई है, वह वंदनीय है। हमारे डॉक्टर सिर्फ अंग प्रत्यारोपण का माध्यम हैं, असली भगवान तो यह परिवार है, जिसने यह साहसिक निर्णय लिया।

### एक साल पहले पता चला था ब्रेन ट्यूमर

ड्यूटी के दौरान करीब एक साल पहले कुलदीप सिंह के सिर में दर्द रहने पर पता चला कि सिपाही को ब्रेन ट्यूमर है परिवार ने दिल्ली बडे अस्पताल में आप्रेशन करवाया तो लेकिन कुछ दिन बाद से ही सिपाही चलने में असमर्थ हो गया, जिससे पिछले एक साल से वह चारपाई पर था। कुछ दिनों पहले वह फिर सिर की परेशानी से पीजीआई में पहुंचा जहां न्यूरो सर्जरी की टीम ने उसका ऑपरेशन किया, लेकिन वह दोबारा होश में नहीं आया। अस्पताल के आईसीयू में कई दिनों तक जिंदगी और मौत की जंग चलती रही। बाहर बैठी पत्नी की आंखों के आंसू सूख चुके थे, बच्चे भगवान से अपने पिता की सांसों की भीख मांग रहे थे। लेकिन फिर वह कठिन घड़ी आई जब डॉक्टरों ने रविवार सुबह भारी मन से परिवार को बताया कि सिपाही ब्रेन डेड हो चुका है। उसका दिमाग अब कभी काम नहीं करेगा। यह शब्द परिवार के लिए किसी वज्रपात से कम नहीं थे। पत्नी गिर पड़ी, बड़े भाई के कांपते हाथों से उनका सहारा छिन गया। अस्पताल का वह कोना उनकी चीखों से दहल उठा। जिस इंसान ने उम्र भर दूसरों की रक्षा की, आज उसकी अपनी धड़कनें मशीनों के सहारे चल रही थीं।

### सिपाही ने सिखाया मौत अंत नहीं, शुरुआत : डॉ. एस के सिंघल

पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ एस के सिंघल ने कहा कि हम डॉक्टर रोज जिंदगी और मौत से लड़ते हैं। इस सिपाही ने हमें सिखाया कि मौत अंत नहीं है। अगर जज्बा हो तो मौत भी एक नई शुरुआत बन सकती है।

### मिट्टी से मत डरिए : डॉ. रूप सिंह

कुलसचिव डॉ. रूपसिंह ने कहा कि यह सिपाही हमें सिखा गया कि वर्दी सिर्फ शरीर पर नहीं, रूह पर पहनी जाती है। वह रूह जो मरने के बाद भी कहती है कि मैं अभी जिंदा हूं, किसी की धड़कन में, किसी की आंखों में, किसी की मुस्कान में। इसलिए मिट्टी और मौत से मत डरिये।

## खबर संक्षेप

### जॉन वेस्ले में गीतों से मोहा लोगों का मन



**रोहतक।** जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में बैसाखी के पावन अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विविध सांस्कृतिक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें नृत्य, गीत, शब्द प्रस्तुतियां, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं अन्य रंगारंग कार्यक्रम शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने बैसाखी पर्व के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके पश्चात छात्रों ने आकर्षक नृत्य, भांगड़ा प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से छात्रों ने बांधा समां




**रोहतक।** विकल्प पब्लिक हाई स्कूल में बैसाखी के पावन पर्व को बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और पारंपरिक वेशभूषा से पंजाब के इस लोक पर्व की जीवंत झलक पेश की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना और स्वागत संबोधन के साथ हुआ, जिसमें बच्चों को बैसाखी के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। छात्रा वर्षा ने अपने भाषण के माध्यम से बैसाखी के सामाजिक और ऐतिहासिक पहलुओं पर प्रकाश डाला।

### बैसाखी पर छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



**रोहतक।** केवीएम विद्यालय में बैसाखी एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती का संयुक्त रूप से हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। बैसाखी के पावन अवसर पर विद्यार्थियों ने चित्रकला ,रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें भांगड़ा एवं गिद्धा नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर फसल उत्सव के महत्व तथा किसानों के योगदान पर भी प्रकाश डाला गया।

### जी डी गोयनका में बैसाखी पर्व मनाया



**रोहतक।** जी.डी. गोयनका टॉडलर्स हाउस, सनसिटी में सोमवार को बैसाखी पर्व बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक बलराज सिंह और प्राचार्या डॉ. मधुबाला ने विद्यार्थियों व स्टाफ को शुभकामनाएं दीं।प्राचार्या डॉ. मधुबाला ने बच्चों को बैसाखी के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि 13 अप्रैल 1699 को गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक उत्साह और खुशियों के साथ हुआ।

### विपक्ष मर्यादित रखें भाषा : शमशेर खरक

**रोहतक।** भाजपा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने इनेलो नेता अभय चौटाला के हालिया बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अहम होती है, लेकिन भाषा की मर्यादा बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। खरक ने आरोप लगाया कि अभय चौटाला द्वारा इस्तेमाल की जा रही "निम्न स्तर" की शब्दावली उनके बढ़ते अहंकार और राजनीतिक हताशा को दर्शाती है। कैथल और जींद की अनाज मंडियों में दिए गए बयानों का जवाब देते हुए खरक ने कहा कि 'नाक रगड़वाने' जैसी भाषा किसी भी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि को शोभा नहीं देती। खरक ने बायोमेट्रिक प्रणाली और सरकारी नियमों के विरोध में इस्तेमाल की गई भाषा को भी आपत्तिजनक बताया। उन्होंने कहा कि बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर लेकर मंडी में प्रवेश करना कानून का उल्लंघन है।

### कस्बे में दो जगह आग से नुकसान



**सांपला।** सोमवार दोपहर को कस्बे के 16 वार्ड में रद्दी कबाड़ में आग लग गई। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने पहुंच कर आग पर काबू पाया। लोगों ने भी आग पर काबू करने का भी प्रयास किया। लेकिन आग ने भंयकर रुप ले लिया । जानकारी के अनुसार, प्रवासी मजदूरों ने किराए पर लिए प्लाट में कबाड़ व रद्दी का सामान डाल रखा था। अचानक कबाड़ में आग लग गई। पूरे ढेर ने आज को पकड़ लिया और ऊंची लिपटें उठने लगी और आसमान में काला धुआं छा गया। आग की सूचना पुलिस में फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। सत्यवान ने बताया कि आग की वजह से उसके मकान में दरार आ गई। के मकान में दरार आ गई। मोबाइल कंपनियों के लगे टावरों की केबल वायर जनरेटर भी जल गए। खंड के गांव इस्माईला में सोमवार को एक किसान की खड़ी गेहूं की फसल और कई खेतों में फांस जल कर राख हो गए। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पहुंच कर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ किसानों ने मशीन से गेहूं की कटाई की हुई है। जबकि फांस बचे हुए थे। सोमवार अज्ञात कारणों के चलते फांस में आग लग गई।

### वकीलों ने मनाई बाबा साहेब की जयंती

**महम।** मंगलवार 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती है। मंगलवार को प्रदेश में सरकारी अवकाश है। इसलिए महम बार एसोसिएशन के वकीलों ने सोमवार को बार रूम में बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। इस दौरान वकीलों ने उनकी तस्वीर के सामने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बार एसोसिएशन महम के प्रधान एडवोकेट प्रदीप ढाका ने बताया कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार, प्रमुख वास्तुकार और मसौदा समिति के अध्यक्ष थे। उन्होंने 60 से अधिक देशों के संविधानों का अध्ययन किया। उसके बाद 251 पन्नों का भारतीय संविधान तैयार किया। जिसे 26 नवंबर 1949 को अपनाया गया। वे समानता, सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने कमजोर वर्गों के लिए संवैधानिक गारंटी सुनिश्चित की। इस मौके पर एडवोकेट जितेंद्र सैनी, रमेश चोपड़ा, प्रवीन गोयत, सुनीता राठी, प्रदीप गोयत, संजय दहिया, दीक्षांत सिवाच, दीपक सरोहा व वरुण कटारिया समेत कई वकील मौजूद थे।



**महम।** बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की तस्वीर के सामने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते महम बार एसोसिएशन के प्रधान प्रदीप ढाका व बार के अन्य वकील।

### पठानिया स्कूल में बैसाखी, बिहू और आंबेडकर जयंती पर हुई प्रार्थना सभा



**रोहतक।** पठानिया स्कूल में बैसाखी, बिहू और डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भारत की विविधता और एकता का अनूठा दृश्य पेश किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आध्यात्मिक सबद /"सुख तेरा दिता लही है/" से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। काव्या गौतम, वंशिका, पंखुण्डी और लावण्या ने बैसाखी के कृषि एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। लखविंदर और आद्याश्री ने डॉ. अंबेडकर के जीवन और सामाजिक समानता पर आधारित भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की।जूनियर विंग के नन्हे कलाकारों ने असम के प्रसिद्ध बिहू नृत्य से सबका मन मोह लिया, वहीं पंजाबी लोक नृत्य ने दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

### भंगड़ा से बच्चों ने दर्शकों का मोहा-मन



**रोहतक।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के तत्वाधान एवं हिंदू शिक्षा समिति द्वारा संरक्षित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना रोड, रोहतक में बैसाखी पर्व बड़े उत्साह, उल्लास और पारंपरिक धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने भांगड़ा और गिद्धा जैसे पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इसके साथ ही कुछ विद्यार्थियों ने बैसाखी से संबंधित कविताएं और भाषण प्रस्तुत कर इस पर्व के महत्व को सुंदर ढंग से व्यक्त किया। शिक्षकों द्वारा बैसाखी पर्व के ऐतिहासिक, सामाजिक और कृषि संबंधी महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि यह पर्व फसल कटाई की खुशी का प्रतीक है तथा किसानों की मेहनत का सम्मान करता है।

**चुनाव** 110 दिन बाद सांपला को मिलेगा चौथा चेयरमैन

# नपा में 10 को होगा चौधर के लिए मतदान

- **नगरपालिका क्षेत्र में आचार संहिता हुई लागू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

करीब 110 दिनों के लंबे इंतजार के बाद अब सांपला नगरपालिका को अपना नया चेयरमैन मिलने जा रहा है। 24 जनवरी को कार्यकाल समाप्त होने के बाद खाली पड़ी चेयरमैन की कुर्सी के लिए 10 मई को मतदान होगा, जबकि 13 मई को मतगणना के साथ ही यह साफ हो जाएगा कि शहर की चौधर किसके हाथ में जाएगी। इस बार सांपला को अपना चौथा चेयरमैन मिलने जा रहा है, जिसे जनता सीधे चुनेगी।

### अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे उम्मीदवार




सांपला नगरपालिका का फ़ाइल फोटो।

नगरपालिका क्षेत्र में 10 मई को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद 13 मई को मतगणना के साथ ही परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। प्रत्यक्ष चुनाव और सामान्य (जनरल) सीट होने के चलते इस बार मुकाबला कड़ा होना तय माना जा रहा है। संभावित उम्मीदवारों ने अभी से जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है और अपने-अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुट गए हैं। ऐसे में सांपला में इस बार चौधर की लड़ाई सीधी, तीखी और बेहद रोचक रहने की पूरी संभावना है।

चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होते ही क्षेत्र में आचार संहिता लागू हो गई है जिससे विकास की घोषणा बंद होते ही राजनीतिक घोषनाओ के साथ गतिविधियां तेज हो गई हैं। चेयरमैन पद के साथ-साथ 16 वार्डों के पार्षदों के लिए भी चुनाव होंगे। खास बात यह है कि चेयरमैन का चुनाव लगातार दूसरी बार प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत कराया जा रहा है। 2008 में पहली बार अस्तित्व में आई नगरपालिका चुनाव में पहले दो चुनावों में पार्षदों के जरिए चेयरमैन का चयन हुआ था, लेकिन तीसरे चुनाव के बाद अब सीधे जनता के वोट से फैसला होने के कारण उम्मीदवारों को हर मतदाता तक पहुंच बनानी पड़ रही है। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 21 अप्रैल से 25 अप्रैल तक नामांकन भरे जाएंगे। उम्मीदवार सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। 27 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 28 अप्रैल को शाम 3 बजे तक नाम वापसी का अवसर रहेगा। इसके बाद चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा, जिससे मुकाबले की तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी।

## खबर संक्षेप्त

### नई किआ सोनेट लॉन्च, पहले दिन 15 बुकिंग




**रोहतक।** शहर के प्रमुख ऑटोमोबाइल संस्थान रंश किआ में नई किआ सोनेट का भव्य लॉन्च किया गया। इस मौके पर निखार ग्रुप के सीएमडी राजेंद्र बंसल ने गाड़ी का अनावरण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और ग्राहक उपस्थित रहे। नई किआ सोनेट को आधुनिक फीचर्स और आकर्षक डिजाइन के साथ पेश किया गया है। कंपनी ने इस बार बेस मॉडल से ही डीजल ऑटोमैटिक का विकल्प उपलब्ध कराया है। साथ ही डीजल और वेरिएंट में पेट्रोल इंजन जोड़ा गया है, जिससे ड्राइविंग अनुभव पहले से अधिक स्मूथ और आसान हो गया है डिजाइन की बात करें तो नई सोनेट में टाइगर-नोज ग्रिल, हार्टबीट डीआरएस और एलईडी टेल लैंप्स दिए गए हैं, जो इसे स्पोर्टी और प्रीमियम लुक प्रदान करते हैं।

### बैसाखी महोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम




**रोहतक।** वी. एन. मैमोरियल पब्लिक स्कूल में बैसाखी की पूर्व संध्या पर भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, भाषण और गायन की शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रथम कक्षा के बच्चों ने कविता प्रस्तुत की, जबकि द्वितीय कक्षा के विद्यार्थियों ने 'ढोल बजता तु भी बजती' गीत पर नृत्य कर, तृतीय कक्षा के बच्चों ने 'मार उड़ारी' गीत पर आकर्षक प्रस्तुति दी। द्वितीय से पांचवीं कक्षा की छात्राओं ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों ने 'चल राही चल' गीत पर प्रस्तुति देकर माहौल को उत्साह से भर दिया। चौथी कक्षा के बच्चों ने नाटक और भांगड़ा पेश किया। वहीं कक्षा नौवीं की छात्राओं ने हिंदी कविता के माध्यम से बैसाखी पर्व का महत्व बताया।

### बाबा बंदा बहादुर स्कूल में मनाई बैसाखी




**रोहतक।** जींद रोड स्थित बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में सोमवार को बैसाखी का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। फसल कटाई के प्रतीक और खुशहाली के इस उत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रार्थना सभा के साथ हुआ। इसके बाद आयोजित सांस्कृतिक सत्र में विद्यार्थियों ने भांगड़ा और गिद्धा जैसे पारंपरिक लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। नन्हे-मुन्ने छात्र पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में सजे हुए नजर आए। विद्यार्थियों ने भाषण, कविताओं और गीतों के माध्यम से समाज में किसानों के अमूल्य योगदान और बैसाखी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला।

### द आर्यन स्कूल में हर्ष के साथ मनाया पर्व




**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल में बैसाखी के पावन पर्व और भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों की रौनक रही, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को भारतीय परंपराओं से जोड़ने के लिए कई रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने कागज़ की मदद से पारंपरिक टरबन (पगड़ी) और परांदी बनाना सीखा।

### बैसाखी पर नन्हे-मुन्नों ने बांधा समां



**रोहतक।** मॉडल स्कूल में हर्ष और उल्लास के साथ बैसाखी पर्व और आंबेडकर जयंती मनाई गई। प्रार्थना सभा में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का जीवन परिचय दिया गया और संविधान की पालना करने का प्रण लिया गया। नन्हे -मुन्नों ने रंगबिरंगे परिधानों में सजकर प्रस्तुतियाँ दी। विद्यार्थियों को स्थानीय संस्कृति से परिचित करवाने के लिए विद्यालय को ग्रामीण परिवेश में ढाला गया था। इसके अलावा कविताओं, भाषण, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन द्वारा छात्रों ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के प्रति उद्गार व्यक्त किए । छात्रों ने चित्रों में रंग भर कर, कार्ड बनाकर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### छात्रों ने भाषणों से बताया बैसाखी का महत्व



**रोहतक।** जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में बैसाखी का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अपनी कला और ऊर्जा से समां बांध दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के स्वागत और माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद छात्रों ने अपनी मधुर कविताओं और प्रेरणादायक भाषणों के माध्यम से बैसाखी के महत्व पर प्रकाश डाला। उत्सव में जहाँ एक ओर पारंपरिक नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने भारतीय संस्कृति की झलक पेश की, वहीं दूसरी ओर स्कूल के रॉक बैंड की शानदार परफॉर्मेंस ने पूरे ऑडिटोरियम को जोशसे भर दिया। निदेशक विक्रांत मायना एवं सान्या मायना ने कहा कि त्योहार हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं।

### बिजली निगम पर दिए एफआईआर के आदेश



**रोहतक।** गांव भैयापुर-लाढ़ौत में हुई आगजनी की घटना ने कई किसानों की मेहनत को कुछ ही घंटों में राख में बदल दिया। करीब 26 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल बिजली के शॉर्ट सर्किट की वजह से जलकर नष्ट हो गई। इस घटना के बाद सोमवार को ग्रामीणों ने एकजुट होकर पीड़ित किसानों के साथ डीसी से मुलाकात की और मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल सामाजिक कार्यकर्ता संजय देशवाल की अगुवाई में डीसी कार्यालय पहुंचा। डीसी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत संज्ञान लिया और बिजली वितरण निगम की लापरवाही को प्राथमिक कारण मानते हुए संबंधित अधिकारियों को निगम के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि पीड़ितों को नियमानुसार मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

### हरियाणा में शुरू किए गए ई खरीद सिस्टम के गुण गाते नहीं थक रहे भाजपाई, मंडियों में साफ देखा जा रहा प्रभाव

# महम मंडी में 5 दिन से खड़े हैं गेहूं से लदे ट्रक, साइट ठप होने से नहीं मिल रहे गेट पास

- गेट पास जारी न होने से मंडी से बाहर जाने की नहीं मिल रही परमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, उनके मंत्रीमंडल के सदस्य और प्रदेश के भाजपा नेता हरियाणा में शुरू किए गए ई खरीद सिस्टम के गुण गाते हुए नहीं थक रहे। लेकिन अनाज मंडियों में इसके साइड इफैक्ट साफ देखे जा रहे हैं। ई खरीद की साइट ठप होने से गेट पास नहीं कट रहे। किसानों का यह कहकर गेहूं अंदर डलवा लिया जाता है कि जब साइट चलेगी तब बायोमैट्रिक पर अंगूठा टेक देना। किसान को इंतजार नहीं करना पड़ता और औपचारिकताएं बाद में पूरी कर ली जाती हैं। लेकिन महम अनाज मंडी में गेहूं से लदे हुए करीब 20 ट्रक पिछले 5 दिन से मंडी में ही खड़े हैं। क्योंकि इनको बाहर जाने के लिए गेट पास नहीं मिल रहा। ट्रक यूनियन महम के प्रधान रणधीर सिंह भी अपना ट्रक लेकर पांच दिन से मंडी में ही डटे हुए हैं। रणधीर सिंह ने बताया कि ई खरीद पोर्टल काम नहीं कर रहा। मार्केट कमेटी के कर्मचारियों का कहना है कि साइट बिजी होने, स्लो होने या ठप होने की वजह से गेट पास नहीं बन रहे। जिस वजह से गेहूं से लदा हुआ ट्रक मंडी में ही खड़ा है। पिछले 5 दिन से वे मंडी से बाहर निकलने का इंतजार कर रहे हैं।




महम। अनाज मंडी में पिछले पांच दिन से गेहूं से लदा ट्रक और गेट पास के इंतजार में उसके पास खड़ा चालक।

### केवल 500 मीटर दूरी तय करने में ही लग गए पांच दिन

रोहतक रोड पर ही अनाज मंडी है और इसी रोड पर कुछ ही दूरी पर वेयर हाऊस का गोदाम है, लेकिन इस आधा किलोमीटर की दूरी तय करने में पांच दिन लग गए हैं। अभी पता भी नहीं की गेट पास मिलने में कितने दिन और लगेंगे। इसी प्रकार ट्रक यूनियन के कैशियर सुंदर सिंह, ट्रक चालक काला बेडवा, कृष्ण यादव और बलजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने अनाज मंडी में अपने ट्रक गेहूं ढुलाई के लिए लगाए हुए हैं। लेकिन गेट पास नहीं मिल रहा। पांच दिन से गेट पास के इंतजार में गाड़ियां खड़ी हैं। उन्हें रोजाना 1500 रुपए भाड़ा मिलता है। पांच दिन से गाड़ियां खड़ी हैं, तो उन्हें कुछ भी नहीं मिल रहा। गाड़ियां धूप में खड़ी खराब हो रही हैं। उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। यह सोचकर ट्रक लगाए थे, कि आमदनी होगी। लेकिन उनके हालात मजदूरों से भी बदतर हो गए हैं।

## गेहूं की खरीद व उठान की प्रक्रिया को तेज करें: डीसी



रोहतक। डीसी सचिन गुप्ता ने सरकारी खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि वे मंडियों और खरीद केंद्रों में गेहूं की खरीद व उठान की प्रक्रिया को तेज करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि फसल लेकर मंडियों में पहुंचने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सरकार की निर्धारित नीति के अनुसार ही खरीद सुनिश्चित की जाए। सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल की खरीद के तुरंत बाद उसे बैगों में भरवाया जाए और समय पर उठान भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि मंडियों में फसल का उठान समय पर नहीं होगा तो नई फसल के लिए जगह की कमी हो जाएगी, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने किया महम अनाज मंडी व लाखन माजरा खरीद केंद्र का दौरा



रोहतक लोकसभा क्षेत्र से सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने सोमवार शाम को महम अनाज मंडी और लाखन माजरा खरीद केंद्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने खरीद प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने आढ़तियों और किसानों से बातचीत की। उनके साथ महम से विधायक बलराम दांगी और बड़ौदा से विधायक इंदूराज नरवाल भी मौजूद थे। सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार किसान की बायोमैट्रिक हाजिरी और ट्रैक्टर नंबर प्लेट के नाम पर किसानों को परेशान कर रही है।

### बाबा फौजा सिंह की याद में दिल्ली में हुई 5 किलोमीटर सुपरसिख बैसाखी दौड़

# मैराथन में रोहतक रनर्स ग्रुप के परवीन ने स्वर्ण, बलराज-अरविंद ने जीता रजत पदक



रोहतक। पदक विजेता खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मैराथन धावक बाबा फ़ौजा सिंह की याद में दिल्ली में आयोजित 5 किलोमीटर सुपरसिख बैसाखी दौड़ में रोहतक रनर्स ग्रुप के एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता के परिणामों में रोहतक रनर्स ग्रुप के परवीन कुमार जांगड़ा सबसे आगे रहे। उन्होंने 45-54 आयु वर्ग में अपनी दौड़ मात्र 21 मिनट 45 सेकेंड में पूरी कर प्रथम स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

इसी आयु वर्ग (45-54) में कड़े मुकाबले के बीच बलराज सिंह तोमर ने 22 मिनट 14 सेकंड का समय निकालकर रजत पदक जीता। वहीं, 55-64 आयु वर्ग के अनुभवी धावक अरविन्द पाल दहिया ने भी अपनी रफ्तार का लोहा मनवाया। उन्होंने 21 मिनट 6 सेकेंड में रेस पूरी कर अपने वर्ग में रजत पदक जीता।

मेडल जीतने वाले विजेताओं के अलावा रोहतक रनर्स ग्रुप के अन्य सदस्यों का प्रदर्शन भी बेहद सराहनीय रहा। आरआरजी की ओर से अशोक राणा, राजेश पायलट, सत्य पाल, पंकज भार्गव, दीपा भार्गव और कार्तिक भार्गव ने सफलतापूर्वक दौड़ पूरी की। इनके साथ ही सुरेंद्र खत्री, सतीश शोकीन, रोहित शोकीन, प्रशांत, सूर्यांश और विकास राणा ने भी मैदान में अपना दमखम दिखाया और खेल भावना का परिचय दिया।

## नॉर्थ ईस्ट जोन कराटे में मेयर ने कांस्य पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की खिलाड़ी मेयर ने शानदार प्रदर्शन करते नॉर्थ ईस्ट जोन कराटे प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। वहीं, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कराटे प्रतियोगिता में भाग लिया। दोनों प्रतियोगिता असम में आयोजित की गई।

एमडीयू खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने विजेता खिलाड़ी को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। मेयर ने बताया कि उसका सपना कराटे चैंपियन बनना व ओलंपिक में देश को पदक दिलाना है। एमडीयू की खिलाड़ी का कहना है कि उन्होंने आत्मरक्षा के लिए कराटे सीखा। बहादुरगढ़ की रहने वाली इस छात्रा ने बताया कि पिता सतीश चालक हैं। मां आशा का निधन हो चुका है। छोटा भाई लव वंश दिव्यांग है। बड़ी बहन चारू पढ़ाई करती हैं। खेल से परिवार का दूर-दूर तक कोई जुड़ाव नहीं है। इसके बावजूद कराटे की ओर रुचि बढ़ी और कई पदक जीते। मेयर का कहना है कि अब इस खेल में भविष्य संवारना है, इसलिए मन लगाकर मेहनत कर रही हूं। शुरू में आठवीं कक्षा में आत्मरक्षा के लिए कराटे सीखने गई थी।



रोहतक। कोच के साथ मेयर।

**मेयर की उपलब्धियां**

2025 ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में टीम कुमिते में स्वर्ण पदक जीता। 2024 में नेशनल कियो प्रतियोगिता की टीम कुमिते में कांस्य पदक जीता। 2024 में इंटर कॉलेज में रजत पदक जीता। 2022-23 स्टेट स्कूल गेम्स में कांस्य पदक जीता।

### जयपुर में रोहतक के खिलाड़ियों का दबदबा: द मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने जीते 10 पदक



रोहतक। जयपुर में आयोजित इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्कूल के 10 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कुल 10 पदकों पर कब्जा जमाया। टीम की इस शानदार सफलता में 3 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। वंश, हिमांशु और शशांक ने स्वर्ण पदक जीता। ट्विन, दर्श, प्रिंस और लक्ष्य ने रजत पदक जीता। हर्ष, निश्चय और हितेश ने कांस्य पदक जीतकर स्कूल का मान बढ़ाया। खिलाड़ियों की इस गौरवशाली उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्य राज यादव ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, यह जीत केवल छात्रों की नहीं, बल्कि कोच मि. अजय सैनी के कुशल प्रशिक्षण, अटूट विश्वास और पूरे स्टाफ के सहयोग का सुखद परिणाम है। स्कूल मैनेजमेंट जतिन सिक्का व मानिक सिक्का ने भी विजेताओं को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि इन बच्चों ने अपनी मेहनत से साबित कर दिया है कि संकल्प के साथ किया गया प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेंगे।

### पदक विजेता रणबीर का किया स्वागत

रोहतक। दिल्ली में आयोजित नेशनल मास्टर्स गेम्स 2026 में चार मेडलों के विजेता धावक रणबीर सिंह मलिक का रोहतक पहुंचने पर दिल्ली बाईपास के नजदीक नहरों के पुलों पर सुनो नहरों को पुकार मिशन द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। मिशन के संस्थापक मुख्य संरक्षक डॉ जसमेर सिंह ने बताया कि धावक रणबीर मलिक पिछले 3 साल से मिशन के साथ जुड़े हुए हैं। अब तक रणवीर राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर 790 मेडल विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीत चुके हैं। रणबीर ने बताया कि दिल्ली में 9 से 12 अप्रैल तक एडवेंचर एंड मास्टर स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा नेशनल मास्टर्स गेम्स का आयोजन किया गया था। जिसमें उन्होंने 3000 मी रेस में प्रथम रहते हुए गोल्ड मेडल जीता और 1500 मीटर रेस में सिल्वर मेडल जीता और 800 मीटर रेस में भी सिल्वर मेडल जीता तथा 3 किलोमीटर पैदल चाल में भी सिल्वर मेडल जीतकर रोहतक व अपने गांव खरावड़ का गौरव बढ़ाया है।

## ध्यान से निखरेगी छात्रों की एकाग्रता मानसिक शक्ति भी मिलेगी: डॉ. बत्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में छात्रों को मानसिक रूप से सशक्त बनाने और तनाव प्रबंधन के गुर सिखाने के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर काउंसलिंग एंड मेंटल वेल-बीइंग और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस व्याख्यान का विषय "हैप्पीनेस एवं कॉग्निटिव क्लैरिटी थ्रू मेडिटेशन" रहा। आर्ट ऑफ लिविंग की काउंसलर और सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. अपर्णा बत्रा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में ध्यान कोई विकल्प नहीं बल्कि जरूरत है। उन्होंने छात्रों को बताया कि कैसे नियमित ध्यान से निर्णय लेने की क्षमता और मानसिक शांति प्राप्त की जा सकती है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि स्वस्थ मस्तिष्क ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के इस दौर में खुद को मानसिक रूप से मजबूत रखने और योग-ध्यान को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान एक प्रैक्टिकल सेशन भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने ध्यान की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास किया और मानसिक शांति का अनुभव किया। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. हेमा सिंगला, डॉ. सीमा देवी, डॉ. गौरव दलाल और डॉ. मनीषा का विशेष योगदान रहा।

### 'नारी शक्ति वंदन' को प्रशासन का मिलेगा सहयोग, 15 को सम्मेलन व 16 को पदयात्रा

रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत रोहतक में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जिला प्रशासन पूरा सहयोग देगा। इस संबंध में सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को मातूराम सामुदायिक केंद्र में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित होगा, जबकि 16 अप्रैल को पदयात्रा निकाली जाएगी। यह पदयात्रा अंबेडकर चौक से शुरू होकर छोटूराम स्टेडियम तक पहुंचेगी। उन्होंने अधिकारियों को दोनों कार्यक्रमों की व्यवस्थाएं सुचारू रखने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश में लैंगिक समानता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में अधिक भागीदारी मिलेगी और लोकतंत्र और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि महिला नेतृत्व समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाता है। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, हरियाणा राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा सुमन सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### फैमिली कोर्ट के पीछे फैली गंदगी सफाई करवाने की मांग की

महम। महम में फैमिली कोर्ट भवन के पीछे गंदगी फैली हुई है। कूड़े के बड़े बड़े ढेर लगे हुए हैं। घास फूस भी उगा हुआ है। पिछले कई महीने से यहां बदहाली का आलम है। महम बार एसोसिएशन के वकीलों ने स्थानीय प्रशासन से इस गंदगी को हटाने की मांग की है। बार एसोसिएशन महम के पूर्व प्रधान एडवोकेट वेदप्रकाश अहलावम और एडवोकेट अशोक सिवाच ने बताया कि फैमिली कोर्ट की बिल्डिंग के पीछे जमा गंदगी से बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। गंदगी की वजह से मच्छर पनप गए हैं। जहरीले जीव जंतुओं का भी हमेशा डर बना रहता है। इसलिए प्रशासन को यहां पर साफ सफाई करवानी चाहिए।

## वेतन को लेकर अड़े श्रमिकों के आगे झुका ठेकेदार, देर शाम हुआ भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

गांव नया बास स्थित हरियाणा स्टेट वेयरहाउस कॉरपोरेशन में वेतन को लेकर चल रहा विवाद आखिरकार सोमवार को समाप्त हो गया। पूरे दिन प्रदर्शन के बाद मजदूरों की मांग के आगे ठेकेदार को झुकना पड़ा और देर शाम सभी श्रमिकों का बकाया वेतन जारी कर दिया गया। इससे पहले वेतन न मिलने से नाराज श्रमिकों ने सुबह ही वेयरहाउस के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया था, जिससे कामकाज पूरी तरह ठप हो गया। राशन के लिए जाने वाले गेहूं का लदान नहीं हो सका और मंडियों से आने वाले ट्रकों को भी अंदर प्रवेश नहीं मिल पाया। दिनभर वेयरहाउस के बाहर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। प्रदर्शन के दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंची, जहां श्रमिकों के साथ हल्की नोकझोंक भी हुई।

### मानेसर में मजदूरों पर कार्रवाई की किसान सभा ने की निंदा

रोहतक। सोमवार को अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ने मानेसर–गुड़गांव औद्योगिक क्षेत्र में मजदूर नेताओं को नोटिस जारी करने और श्रमिकों की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है। संगठन ने इसे मजदूरों की आवाज दबाने और उनके अधिकारों पर हमला बताया है। किसान सभा के राज्य प्रधान बलबीर सिंह और महासचिव सुमित दलाल ने प्रेस बयान में कहा कि मानेसर–गुड़गांव क्षेत्र के मजदूर लंबे समय से शोषण, असुरक्षित हालात और कम वेतन में काम करने को मजबूर हैं। किसान सभा के अनुसार, प्रशासन ने 55 से अधिक मजदूरों को गिरफ्तार किया है, जिनमें करीब 20 महिला श्रमिक भी शामिल हैं। देर रात भी मजदूरों की गिरफ्तारी जारी रही।

## पीजीडीटी का परिणाम अटकने पर जताया भारी रोष

रोहतक। एमडीयू में प्रशासनिक तालमेल की कमी और कर्मचारियों की लापरवाही एक बार फिर विद्यार्थियों के लिए मुसीबत बन गई है। हिंदी विभाग के पीजीडीटी (अनुवाद में डिप्लोमा) सत्र 2024-25 के सैकड़ों छात्रों का परीक्षा परिणाम अटकने के कारण छात्रों में भारी रोष है। इस मुद्दे को लेकर सोमवार को आम आदमी पार्टी के छात्र संगठन 'असोसिएशन ऑफ स्टूडेंट फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स' के प्रदेश अध्यक्ष दीपक धनखड़ और छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने जल्द ही इस समस्या के समाधान की मांग की। विद्यार्थियों का आरोप है कि उन्होंने अपनी परीक्षा और शोध प्रबंध का शुल्क समय पर संबंधित लिपिक (क्लर्क) के पास जमा करवा दिया था। लेकिन लिपिक की लापरवाही के कारण वह राशि विश्वविद्यालय के आधिकारिक खाते में दर्ज नहीं हुई। अब प्रशासन छात्रों पर दोबारा लेट फी के साथ शुल्क भरने का दबाव बना रहा है। हालांकि, शिकायत निवारण समिति ने 10 दिन पहले छात्रों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बिना दोबारा शुल्क लिए परिणाम जारी करने का आदेश दिया था, लेकिन अब नया मोड़ यह आया है कि छात्रों के 'अवार्ड' (अंक) ही रिकॉर्ड से गायब बताए जा रहे हैं। उन्होंने डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. सुरेश मलिक को ज्ञापन सौंपा।






**तैयारी** धीरे-धीरे सिलेंडर पर कम हो रही शहर की रसोई की निर्भरता

# शहर में 14 हजार और नए पीएनजी कनेक्शन होंगे, सरकार ने तय किया तेल कंपनी का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की रसोई अब धीरे-धीरे सिलेंडर की निर्भरता से निकलकर पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की ओर कदम बढ़ा रही है। एलपीजी पर बढ़ती निर्भरता और समय-समय पर आने वाली आपूर्ति चुनौतियों को देखते हुए सरकार ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) को अगले एक साल में 14 हजार नए पीएनजी कनेक्शन देने का लक्ष्य सौंपा है। यह कदम न केवल उपभोक्ताओं को सुविधाजनक गैस आपूर्ति देगा, बल्कि एलपीजी पर दबाव भी कम करेगा। जिला प्रशासन के मुताबिक फिलहाल शहर में 14,322 पीएनजी कनेक्शन सक्रिय हैं। बीते साढ़े तीन वर्षों में कंपनी करीब 15,000 घरों में पीएनजी मीटर लगा चुकी है, जो इस दिशा में बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है। हालांकि, अभी भी बड़ी संख्या में लोग एलपीजी पर निर्भर हैं, जिससे दोनों प्रणालियां समानांतर चल रही हैं। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय के इंस्पेक्टर हरिओम बताते हैं कि चालू वित्तीय वर्ष में शहर में नए 14 हजार पीएनजी कनेक्शन जारी करने के बारे में कहा जा चुका है।

### पाइपलाइन के जरिए नियंत्रित सप्लाई होने के कारण दुर्घटनाओं की संभावना रहती है कम

सेक्टर 1, 2, 3, 4, 14, 34, 35, 36, 36ए के अलावा रामगोपाल कॉलोनी, मॉडल टाउन और इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में पीएनजी सप्लाई शुरू हो चुकी है। इन क्षेत्रों में रहने वाले उपभोक्ता अब पाइप के जरिए सीधे गैस प्राप्त कर रहे हैं, जिससे सिलेंडर बुकिंग और रिफिल की झंझट खत्म हो रही है। बताया जाता है कि पीएनजी न केवल सुविधाजनक है, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी बेहतर विकल्प साबित हो सकती है। पाइपलाइन के जरिए नियंत्रित सप्लाई होने के कारण दुर्घटनाओं की संभावना कम रहती है। साथ ही, उपभोक्ताओं को जरूरत के अनुसार गैस मिलती है, जिससे भंडारण की समस्या भी नहीं रहती।

### पीएनजी नेटवर्क का विस्तार

जिले में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर एलपीजी के कुल 3,67,851 कनेक्शन हैं, जो इसकी व्यापक पहुंच को दिखाते हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए सख्ती बढ़ाई है। अब बिना केवाईसी के सिलेंडर बुकिंग संभव नहीं है, जिससे फर्जी या दोहरे कनेक्शनों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। पीएनजी नेटवर्क का विस्तार शहर के कई प्रमुख और पॉश इलाकों तक हो चुका है।

### गैस आपूर्ति व्यवस्था में आ रहा बड़ा बदलाव

अगर अगले एक साल में 14 हजार नए कनेक्शन देने का लक्ष्य पूरा होता है, तो शहर की गैस आपूर्ति व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। इससे एलपीजी पर निर्भरता कम होगी और उपभोक्ताओं को अधिक सुरक्षित व निर्बाध गैस आपूर्ति मिल सकेगी। शहर की रसोई बदलाव के दौर से गुजर रही है। अगर योजनाएं तय समय पर लागू होती हैं, तो आने वाले समय में सिलेंडर की जगह पाइप से आने वाली गैस आम बात होगी और रसोई का यह बदलाव सुविधा के साथ-साथ पारदर्शिता भी लेकर आएगा।

### सचिव ने महिला आश्रम व अर्पण संस्थान का निरीक्षण किया

रोहतक। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान ने सोमवार को महिला आश्रम व अर्पण संस्थान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां रह रही महिलाओं और बच्चों से बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डॉ. तरन्नुम खान ने संस्थान के स्टाफ से भी चर्चा करते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जरूरतमंदों को निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराता है। किसी भी महिला, बच्चे या व्यक्ति को कानूनी मदद की आवश्यकता होने पर वे प्राधिकरण कार्यालय या हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 9 मई को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जहां लोग अपने लंबित मामलों का त्वरित और सुलभ समाधान प्राप्त कर सकेंगे।



रोहतक। महिला आश्रम व अर्पण संस्थान का औचक निरीक्षण करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान।

**POSITRON HOSPITAL**
(A unit of MK Super Specialty Hospital Pvt. Ltd.)
Sector-35, Suncity, Rohtak, Haryana-124001.
M.8571081699, 0120-663000

**सूचना**

आप सभी को सूचित किया जाता है कि जिन मरीजों ने 'पॉजिट्रॉन सुपर स्पेशियलिटी और कैंसर अस्पताल, रोहतक' में 31 मार्च-2023 तक भर्ती होकर अपना या अपने परिवार के सदस्य का इलाज कराया है उनके मेडिकल आई.पी.डी. रिकॉर्ड/ओ पी डी को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र के तहत (F.No.A.12034/3/2014-MH-II-MH-I) नष्ट किया जा रहा है। इसके अलावा 31 मार्च - 2023 से पूर्व के CT, MRI Records/ सीटी एमआरआई रिकॉर्ड साथ USG (ULTRASOUND/ अल्ट्रासाउंड) Register रिकॉर्ड को भी नष्ट किया जा रहा है। इस सूचना/इश्तिहार के 30 दिन के बाद रिकार्ड उपलब्ध नहीं होंगे। अतः आप कोई भी दावा अस्पताल पर नहीं कर सकेंगे।

अगर किसी को कोई रिकार्ड चाहिए तो कृपया अस्पताल प्रशासन के मेडिकल रिकॉर्ड विभाग (दूसरी मंजिल/Second Floor) में मरीज काआई.पी.डी. नंबर और अपना पहचान पत्र के साथ इस सुचना/इश्तिहार के 30 दिन के भीतर संपर्क करें।

**नोट:** कृपया अगर कोई रिकाड्र्स सम्बंधित जानकारी लेने आये तो मरीज के दाखिले व छुट्टी की तारीख औरआई.पी.डी. नंबर के साथ आयें।

Sd/- Auth.Sign
Sd/-Medical Director (मेडिकल डायरेक्टर)

## 20 से अधिक शिकायतें मिलने पर भी नगर निगम ने नहीं की ठोस कारवाई

# बोहर में बढ़ रहा बंदरों का आतंक, फिर बुजुर्ग को काटा

**लोगों में प्रशासन के प्रति बढ़ती जा रही नाराजगी घर से निकलना भी हुआ मुश्किल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बोहर गांव सहित शहर के कई क्षेत्रों में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार को एक बुजुर्ग को काटकर घायल कर दिया। बता दें कि पिछले एक माह के भीतर ही बोहर गांव में बंदरों के काटने के 8 मामले सामने आ चुके हैं, जबकि पूरे शहर में ऐसे मामलों की संख्या 30 से अधिक बताई जा रही है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि लोगों का घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है।

**08** मामले आए एक माह में
**30** मामले पूरे शहर में

स्थानीय निवासियों का कहना है कि बंदर न केवल लोगों पर हमला कर रहे हैं, बल्कि घरों में घुसकर सामान भी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे आर्थिक हानि भी हो रही है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए हालात और भी ज्यादा खतरनाक बने हुए हैं। इस समस्या को लेकर पूर्व पार्षद और सामाजिक कार्यकर्ताओं समेत 20 से अधिक शिकायतें नगर निगम को दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। नगर निगम ने बंदरों को पकड़ने के लिए एक एजेंसी को वर्क ऑर्डर भी जारी किया था, लेकिन एजेंसी ने काम करने से इनकार कर दिया। इसके बाद निगम ने संबंधित एजेंसी को ब्लैकलिस्ट कर दिया है, जिससे समस्या का समाधान और भी लटक गया है।







### जल्द कार्रवाई करे निगम नहीं तो हालात और बिगड़ेंगे

ग्रामीणों का कहना है कि जल्द ही बंदरों को पकड़ने की व्यवस्था नहीं की गई, तो स्थिति और बिगड़ सकती है। प्रशासन से मांग की है कि तुरंत नई एजेंसी नियुक्त कर बंदरों को पकड़ने का अभियान चलाया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। फिलहाल, लोगों को खुद ही सतर्क रहकर बंदरों से बचाव करना पड़ रहा है, लेकिन स्थायी समाधान के लिए प्रशासनिक कार्रवाई बेहद जरूरी हो गई है।

### एजेंसी को ही ब्लैकलिस्ट किया

बंदरों को पकड़ने के लिए लगातार अधिकारियों को बोला जा रहा है। हालांकि वह भी प्रयास में है, पहले एजेंसी से बंदर पकड़वाने के लिए प्रक्रिया पूरी करवा ली गई थी, लेकिन एजेंसी ने बंदर पकड़ने से मना किया तो निगम ने एजेंसी को ही ब्लैकलिस्ट कर दिया। लेकिन जल्द ही बंदर पकड़वाने के लिए आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वार्ड के किसी भी सदस्य को परेशानी नहीं झेलने दी जाएगी। लगातार प्रयास कर रहे हैं कि लोगों को परेशानी नहीं आने दे।

**-मनीषा नांदल**, पार्षद,



## खबर संक्षेप



### पुलिस लाइन में जवानों को अभ्यास करवाया

**रोहतक।** पुलिस लाइन में सोमवार की साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। सभी प्रभारी थाना व अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे है। परेड मे जिला रोहतक के सभी थाना/चौकी, पुलिस कार्यालय ऑफिस व जिला मे तैनात सभी जवानो ने हिस्सा लिया। जिला पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था की विकट परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस लाइन में अभ्यास कराया गया। अभ्यास के दौरान जवानों को कानून व्यवस्था स्थिति के दौरान दंगा निरोधक उपकरण चलाने बारे जानकारी दी गई। जिला पुलिस हर प्रकार की विषम स्थिति से निपटने के लिए तैयार है सक्षम है।

### मातु राम इंस्टीट्यूट के 6 विद्यार्थियों का चयन



**रोहतक।** मातु राम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया, जिसमें 6 विद्यार्थियों का डेटा फ्यूजन मीडिया टेक में चयन हुआ। चयन प्रक्रिया में एमबीए और बीसीए विभाग के छात्रों ने हिस्सा लिया था। एमबीए विभाग से दिव्या, दीक्षा, राशि और मुस्कान व बीसीए विभाग से स्नेहा और अफसाना का चयन हुआ संस्थान के निदेशक डॉ. नवनीत अहलावत ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। निदेशक ने इस सफल ड्राइव के लिए संस्थान की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के पदाधिकारियों डॉ. मोनिका, अभिषेक, संदीप और अमित राणा के प्रयासों की भी सराहना की।

### शिविर में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया



**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय युवा रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का समापन सोमवार को भव्य समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. फूल सिंह यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और विद्यार्थियों को समाज सेवा व मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक व रचनात्मक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समूह नृत्य और रंगोली प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं, जहाँ प्रतिभागियों ने अपनी कला के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए। एमडीयू से वाईआरसी प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. अंजू दहिया सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। शिविर का मुख्य आकर्षण वह शपथ रही, जिसमें सभी वॉलंटियर्स ने समाज में अंगदान एवं नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। डॉ. विनीत बाला के मार्गदर्शन में संपन्न हुए इस शिविर ने स्वयंसेवकों में नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. गीता गुप्ता ने किया।

### प्रो. नसीब सिंह ने दिया नवाचार का संदेश

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नसीब सिंह गिल ने कहा कि देश के युवा यदि नवाचार और तकनीकी कौशल को समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान से जोड़ें, तो भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा सकता है। वे पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, एनसीआर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के हैकाथॉन एसएसएच-01 के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। डॉ. गिल ने अपने संबोधन में छात्रों को रचनात्मक सोच, शोध और तकनीकी नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के हैकाथॉन न केवल छात्रों की प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री की वास्तविक चुनौतियों के लिए भी तैयार करते हैं। यह हैकाथॉन सत्यांश सॉफ्टटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा, कंपनी के सीईओ एवं एमडीयू के पूर्व छात्र सत्यवान पांचाल के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के 32 संस्थानों से 500 से अधिक छात्रों और 60 से ज्यादा टीमों ने भाग लिया।



**रोहतक।** कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नसीब सिंह गिल।

## खबर संक्षेप



### विकास हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** गांव भालोठ में स्टेडियम के पास युवक विकास की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 9/10 अप्रैल की रात करीब 12:30 बजे विकास को गोली मारी गई, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। छापेमारी के दौरान राजस्थान निवासी शोहेब और विजय को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि पुरानी रंजिश के चलते हत्या की गई। आरोपियों को अदालत में पेश कर आगे की कार्रवाई जारी है।

### चरण तीन की परीक्षा व रिव्यू में भाग लेंगे 219 विद्यार्थी

**रोहतक।** मिशन बुनियाद चरण तीन परीक्षा व रिव्यू कार्यक्रम का आयोजन 15 अप्रैल को किया जाएगा। हिसार रोड राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए केंद्र में जिले के 219 विद्यार्थी भाग लेंगे। मिशन बुनियाद चरण तीन के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रतियोगियों परीक्षाओं व अन्य सुविधाओं के तहत बच्चों को पढ़ाया जाएगा।

### रेवेन्यू सर्कल घटाने की तैयारी पटवारियों को मिलेगी राहत

**रोहतक।** राज्य सरकार राजस्व प्रशासन में सुधार की दिशा में एक अहम बदलाव की तैयारी कर रही है। प्रस्ताव के तहत रेवेन्यू सर्कल का दायरा 3500 एकड़ से घटाकर 2600 एकड़ किया जाएगा। यानी आने वाले समय में एक पटवारी को कम क्षेत्र में गिरदावरी सहित अन्य राजस्व कार्यों की जिम्मेदारी निभानी होगी, जिससे काम का बोझ कम होने की संभावना है। फिलहाल राज्य में एक पटवारी के जिम्मे औसतन 3500 एकड़ क्षेत्र होता है, जिसके चलते गिरदावरी, इंतकाल, जमाबंदी और अन्य कार्यों को समय पर पूरा करना चुनौती बन जाता है। कई बार आम लोगों और किसानों को छोटे-छोटे कामों के लिए भी लंबा इंतजार करना पड़ता है। प्रस्तावित बदलाव लागू होने के बाद यह स्थिति सुधरने की उम्मीद जताई जा रही है।

- रेवेन्यू सर्कल का दायरा 3500 एकड़ से घटाकर 2600 एकड़ किया जाएगा

## योग वर्कशॉप में सिखाए आसन, ध्यान और मुद्राएं

**सुपवा में 8 दिवसीय योग वर्कशाप का आगाज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में 8 दिवसीय योग वर्कशॉप सोमवार से शुरू हो गई। वीसी ऑफिस के सामने स्थित लॉन में चली वर्कशॉप में एशियन गोल्ड मेडलिस्ट योगाचार्य प्रवीण कुमार पाठक ने आसन, ध्यान व मुद्राएं सिखाईं।

इस दौरान सुपवा की फैकेल्टी, स्टाफ, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। योग वर्कशॉप का आयोजन गर्ल्स हॉस्टल व डीन स्टूडेंट वेल्फेयर की ओर से मानसिक कल्याण क्लब के तत्वावधान में किया गया। इसका समापन 20 अप्रैल को होगा। पहले दिन सोमवार को योग वर्कशॉप के दो सेशन सुबह व शाम को चले। हर रोज सुबह 6:30 बजे से 8 बजे तक व शाम को 6 से 7 बजे तक वर्कशॉप चलेगी। योग वर्कशॉप के शुरुआती सेशन में डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य व रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा ने भी शिरकत की। वर्कशॉप के दौरान योगाचार्य प्रवीण कुमार पाठक ने उपस्थितजनों को अच्छा स्वास्थ्य रखने के लिए जरूरी दिनचर्या व भोजन की जानकारी देते हुए कहा कि योग को जीवन में अपनाने से कितने ही रोग स्वतः दूर भागने लगते हैं।

### डॉ. अमित ने संतुलित जीवन जीने के लिए किया प्रेरित

उन्होंने अपनी स्किल्स को इंप्रूव करने के टिप्स देते हुए योग अभ्यास के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उपस्थितजनों को आसन, प्राणायाम, मुद्राएं और मेडिटेशन की महता बताते हुए इनका अभ्यास कराया। कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने कहा कि इस वर्कशॉप का उद्देश्य सुपवा परिवार को योग के माध्यम से स्वस्थ व संतुलित जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। योग वर्कशॉप के दौरान डीन अकेडमिक अफेयर्स डॉ अजय कौशिक, विजुअल आर्ट्स फैकेल्टी के एफसी विनय कुमार समेत सुपवा की फैकेल्टी, टीचिंग स्टाफ, नॉन टीचिंग स्टाफ, छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे।

## निगम टीम ने पांच चालान काटे जिनमें 3 गंदगी फैलाने पर किए

- संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ने अधिकारियों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ने सफाई शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर विशेष निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सभी वार्डों में जनभागीदारी के साथ विशेष सफाई अभियान निरंतर चलाया जाए और सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड में रहकर कार्य की निगरानी करें और यह सुनिश्चित करें कि हर क्षेत्र में नियमित सफाई हो।

साथ ही, शहर में कहीं भी कूड़े के ढेर या गंदगी नजर नहीं आनी चाहिए। डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण को भी सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी के तहत निगम टीम ने 5 चालान किए, जिनमें 3 चालान गंदगी फैलाने पर 500-500 रुपये के और 2 चालान सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने पर 2000 रुपये के किए गए।



**रोहतक।** सफाई अभियान के दौरान कर्मचारी को जानकारी देते नगर निगम के अधिकारी।

### प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर कड़ी नजर, नियमित छापेमारी के निर्देश

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए मेडिकल स्टोरों पर नियमित छापेमारी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जिला प्रशासन जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई कर रहा है और इस अभियान को लगातार तेज किया जाएगा।

लघु सचिवालय में आयोजित एन-कोर्ड बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने बताया कि हाल ही में औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा 120 मेडिकल स्टोरों की जांच की गई, जिनमें अनियमितता पाए जाने पर 20 के लाइसेंस निलंबित किए गए, जबकि 13 को नोटिस जारी किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2025 की समान अवधि के मुकाबले 2026 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामलों और गिरफ्तारियों में वृद्धि दर्ज की गई है। 2026 में अब तक 32 मामले दर्ज कर 63 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, नशा तस्करों की आर्थिक कमर तोड़ने के लिए धारा 68-एफ के तहत कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये की संपत्ति फ्रीज की गई है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। उपायुक्त ने नशा मुक्ति केंद्रों की नियमित जांच, बंद केंद्रों को दोबारा शुरू करने और नशीले पदार्थों के सप्लायरों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20



### समाधान शिविरों की शिकायतों का समयबद्ध निपटारा करें : उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविरों में प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को न केवल शिकायतों का समाधान करना चाहिए, बल्कि संबंधित नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें की जा रही कार्रवाई की जानकारी भी देनी चाहिए, ताकि वे संतुष्ट हो सकें।

सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर के दौरान उपायुक्त ने कहा कि गांव भैयापुर में हाल ही में आग से गेहूं की फसल को हुए नुकसान के आंकलन के लिए जल्द ही विशेष गिरदावरी करवाई जाएगी। इसके आधार पर प्रभावित किसानों को सरकार की नीति के अनुसार मुआवजा प्रदान किया जाएगा। ग्रामीणों ने शिविर में इस संबंध में मांग रखी थी, जिस पर प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य विभिन्न विभागों की सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।

- गांव भैयापुर में हाल ही में आग से गेहूं की फसल को हुए नुकसान के आकलन की विशेष गिरदावरी के निर्देश दिए

## अतिक्रमण: नगर निगम के नोटिस बेअसर, सीएम विंडो की शिकायत पर भी समाधान नहीं

# देव कॉलोनी में 30 फीट की सड़क सिमटकर 18-25 फीट तक पहुंची

**मकानों की दीवारें गली की ओर बढ़ाकर जगह पर कब्जा कर लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

देव कॉलोनी में बुनियादी सुविधाओं और नियोजन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यहां की गलियों की स्थिति इस कदर बिगड़ चुकी है कि कागजों में 30 फीट चौड़ी सड़कें अब जमीन पर कहीं 18 फीट, कहीं 22 फीट और कहीं 25 फीट तक सिमट चुकी हैं। इस विसंगति के पीछे सबसे बड़ा कारण लोगों द्वारा मकान बनाते समय किए गए अतिक्रमण को माना जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब वे नगर निगम के नक्शे के अनुसार निर्माण कार्य की योजना बनाते हैं, तो उन्हें 30 फीट चौड़ी गली दिखाई जाती है। लेकिन जब मौके पर जाकर स्थिति देखते हैं, तो वास्तविकता कुछ और ही नजर आती है। कई स्थानों पर लोगों ने अपने मकानों की दीवारें गली की ओर बढ़ाकर जगह पर कब्जा कर लिया है, जिससे सड़क की चौड़ाई लगातार कम होती चली गई।

इस समस्या को लेकर कॉलोनी के कई लोगों ने नगर निगम में शिकायत दर्ज कराई। इतना ही नहीं, कुछ लोगों ने सीएम विंडो पर भी अपनी बात रखी, ताकि उच्च स्तर पर इस मामले का संज्ञान लिया जा सके। शिकायतों के बाद निगम की ओर से कुछ मकान मालिकों को नोटिस भी जारी किए गए। नोटिस मिलने के बाद कुछ लोगों ने अपनी दीवारें पीछे हटाकर नियमों का पालन किया, लेकिन कई लोगों ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। निवासियों का आरोप है कि प्रशासन की ओर से आधी-अधूरी कार्रवाई के चलते समस्या जस की तस बनी हुई है। यदि सभी अतिक्रमण हटाए जाते, तो गलियां फिर से अपने मूल स्वरूप में आ सकती थीं। लेकिन फिलहाल स्थिति यह है कि कुछ जगह सुधार हुआ है, जबकि अधिकांश स्थानों पर अवैध कब्जे अब भी कायम हैं। मामले को लेकर लोग एसडीएम कार्यालय तक भी पहुंचे और वहां भी शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। इससे कॉलोनी के लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि संकरी गलियों के कारण न केवल आवागमन में दिक्कत होती है, बल्कि आपात स्थिति में एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी सेवाओं का पहुंचना भी मुश्किल हो सकता है।



### जांच करवाएंगे

अगर इस तरह की शिकायत निगम में आती है तो उन पर तुरंत समाधान होता है। अगर नोटिस भेजे गए है तो कुछ न कुछ कार्रवाई जरूर हुई होगी। बाकि इसमें जांच करवा लेते है, आमजन को इस तरह से परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

**-नमिता कुमारी**, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम

### लोग बोले-दोबारा सर्वे हो अतिक्रमण हटाया जाए

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे क्षेत्र का एक बार फिर से सर्वे कराया जाए और जहां-जहां अतिक्रमण हुआ है, वहां सख्त कार्रवाई करते हुए उसे हटाया जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचने के लिए निर्माण कार्य पर सख्ती से निगरानी रखी जाए। अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। ऐसे में प्रशासन के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वह निष्पक्ष और ठोस कदम उठाकर देव कॉलोनी की गलियों को उनके मूल स्वरूप में बहाल करे।